प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में नक्सलियों ने किया आईईडी विस्फोट, सब इंस्पेक्टर घायल, एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए लाया गया रांची।**
2. **राज्य सरकार ने मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया फैसला– अब किसानों का दो लाख रुपये तक का ऋण होगा माफ।**
3. **पेरिस ओलम्पिक में जैवलिन थ्रो के स्पर्धा में नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए आज फेकेंगे भाला।**
4. **राज्य में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने 11 अगस्त तक अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान। रांची, पलामू और चतरा समेत कई जिलों में आज भी बारिश की संभावना।**

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में आज सुबह हुए नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान से रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जवान की स्थिति अभी खतरे से बाहर है। घटना के बाद घायल दारोगा को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था।

****

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार रोजगार सृजन के लिए 15 योजनाएं चला रही है। इसके परिणामस्वरूप, बेरोजगारी दर छह प्रतिशत से घटकर अब तीन दशमलव दो प्रतिशत रह गई है। श्री मांडविया ने कहा कि 2016 में योजना शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़ 21 लाख लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 18 करोड़ 29 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये और 49 करोड़ लोगों को मदद मिली है।

****

झारखंड के किसानों को अब दो लाख रुपये तक का ऋण माफ होगा। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गयी है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि 31 मार्च 2020 के पूर्व जिन किसानों ने दो लाख रुपये तक के कर्ज लिये थे, उसे सरकार ने माफ करने का फैसला किया है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति की खंडपीठ में आज बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने केंद्र सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। इस मामले की विस्तृत सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज जमशेदपुर में शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के मौके पर उनकी समाधी एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उलियान स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक सहयोग के लिए उन्हें प्रतिमाह 1 हज़ार रुपये दिये

जाएंगे साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद प्रत्येक घर में एक–एक लाख रुपए देने का काम किया जाएगा।

****

शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में उन्हें श्रद्धांजलि गई। इसी क्रम में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथ ही निर्मल गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। वहीं आजसू प्रमुख सुदेश महतो रांची के जेल चौक स्थित शहीद निर्मल महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने जिस सोच और संकल्प के साथ अलग झारखंड राज्य का आंदोलन किया था उसे अभी भी पूरा करने की जरूरत है।

****

रांची में कल से शुरू हो रहे दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। कार्यक्रम का आयोजन बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए बनाये गए मंच के पीछे झारखंड और अन्य राज्यों से आए चित्रकार, चित्रकला के माध्यम से झारखंड की आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को कैनवास पर दर्शा रहे हैं। आदिवासी महोत्सव में पहली बार आदिवासी पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा, जिसमें झारखंड के लेखकों से जुड़ी पुस्तकों के स्टॉल भी लगेंगे। इस बार आदिवासी महोत्सव 2024 में बेहद खास तरीके से आतिशबाजी और लेजर शो का आयोजन भी किया जा रहा है।

****

दुमका जिले के बासुकीनाथ धाम में आयोजित श्रावणी मेले में देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालु काफी संख्या में भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में पिछले 36 दिनों से आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों को आज जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर मोरहाबादी मैदान को 24 घंटे में खाली करने का आदेश दिया है। साथ ही जिला प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान में धारा 144 भी लागू कर दी है। बता दे कि दो जुलाई से झारखंड के सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

****

पेरिस ओलिंपिक में विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। वे आज रात एक बार फिर इतिहास रच सकते हैं।

****

राज्य में अगले तीन दिनों तक मानसून के सक्रिय रहेगा। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब भी कायम है। इस कारण राज्य में 11 अगस्त तक अच्छी बारिश हो सकती है।